जन्मे कन्हैया। by Toshi Kaur

बजे बधैया जन्मे कन्हैया
हर तरफ है चर्चा नन्द लाल का
नन्द के आँगन थाली बजी है
गोकुल नगरी खूब सजी है
होड़ मची करने को दीदार
देखे कन्हैया को जो एक बार
देखना चाहे उसे बार बार
बजे बधैया ....

नन्द बाबा के देखो आज घर में
शुभ मंगल घडी आई
मैया यशोदा की गोद भरी है
गोदी में खेले कन्हाई
नन्द बाबा के द्वार आयी भीड़ बेशुमार
खुशरंग छाई है बहार
बजे बधैया ....

सखियाँ सहेली सब मिलके आई
कान्हा की लेने बलैयां
मैया यशोदा कहती है कितना
प्यारा है अपना कन्हैया
मैया जाए बलिहार यही बोले बार बार
इस पल का ही था इंतज़ार
मुझे इस पल का ही था इंतज़ार
बजे बधैया ....

गोकुल की गलियों में धूम मची है
मस्ती का है रंग छाया
देख नज़ारा ये लग रहा कोई
त्यौहार कुंदन है आया
छाया ऐसा खुमार नाचते नर नार
बहती दिलो में प्रेम धार
बजे बधैया ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%ae%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-by-toshi-kaur/